# समाहरणालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया (बिहार)

Collectorate: West Champaran, Bettiah

- nail: - dacowestchamparan@gmail.com http://westchamparan.nic.in

## (बिहार गृह रक्षा वाहिनी)

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

नहानिदेशक–सह–महासमादेष्टा का कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना का पत्रांक 174 दिनांक 21.02.2025 के आलोक में बिहार गृह रक्षा वाहिनी, प0 चम्पारण, बेतिया में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामंकन कार्य के लिए शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा आयोजित करने हेतु इच्छुक फर्म से मोहरबंद लिफाफे में तकनिकी निविदा एवं वित्तीय निविदा बिहार गृह रक्षा वाहिनी बेतिया कार्यालय, में हाथो–हाथ या डाक द्वारा अंतिम तिथि 20.03.2025 को 15:00 बजे अपराहन् तक आमंत्रित की जाती है। शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा हेतु कार्य की प्रकृति निम्न प्रकार होगी:–

**कार्य की प्रकृति (Scope Of work)**

| S.L | Work Name |
|---|---|
| 01. | UHF RFID- Based Race- Timing Solution<br>- Deployment of UHF RFID technology for precise race timing.<br>- Each candidate will wear an UHF RFID- tagged bib linked to their registration ID for automated time capture at start and finish points. |
| 02. | Biometric Capture and Verification<br>- Biometric authentication of candidates during registration and before each test to eliminate impersonation. |
| 03 | Digital Shotput Measurement<br>- Use of digital tools for accurate measurement of shotput distances, ensuring instant recording and secure data storage. |
| 04 | Digital Long Jump Measurment<br>- Laser-based measurement system for capturing long jump distances, integrated directly Into result management software. |
| 05 | Digital Physical Standard Test (PST)<br>- Automated measurement of height and chest using digital equipment to ensure precise And error- free data collection. |

निविदा उक्त तिथि (20.03.2025) को 05:30 बजे अपराहन् में अपर समाहर्ता राजस्व प0 चम्पारण बेतिया के समक्ष खोली जायेगी।

निम्नलिखित शर्तो एवं कार्य विवरणी के तहत मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा में भाग लेने हेतु तकनिकी शर्ते**

1. निविदा में पंजीकृत प्रोपराईटर, फर्म, कम्पनी ही भाग लेगें।
2. निविदा के साथ रूपये 50000/– (पचास हजार रूपये ) की अग्रिम राशि जिला पदाधिकारी प0 चम्पारण बेतिया के नाम से ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से जमा करनी होगी।
3. निविदादाता को पिछले तीन वर्षो में न्युनतम एक करोड़ का टर्न ओभर होना चाहिए।
4. निविदादाता द्वारा सरकारी संस्था में बहाली कार्य का अनुभव एवं पिछले पाँच वर्षो में एक कम से कम एक बार 15 लाख (पन्द्रह लाख रूपये ) के एकल कार्यादेश पर कार्य किया हो।
5. निविदादाता को जी0 एस0 टी0 निवंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं पिछले तीमाही तक का जी0 एस0 टी0 रिर्टन विवरणी एव कर निर्धारण 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 की आयकर रिर्टन की प्रति भी संलग्न करना होगा।
6. निविदादाता का पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता अपने फर्म की विशिष्टियों सहित तकनिकी निविदा एवं वितिय निविदा अलग–अलग मुहरबंद

लिफाफे मे कर के अलग से एक बडे मुहरबंद लिफाफे में देगें। के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा–

8. फर्म का काली सूची में नाम नही होने एवं थाना में प्रथमिकी दर्ज नही होने तथा किसी संस्था से विवर्जित (Debared) नही होने का नोटरी शपथ पत्र मूल में संलग्न करना होगा।
9. UHF RFID- Based शारीरिक दक्षता की जॉच परीक्षा के लिए सभी तकनीशियन संबंधित फर्म के द्वारा ही उपलब्ध कराई जायेगी।
10. प्रतिनियुक्त सभी तकनीशियन फर्म के द्वारा दी गई पहचान पत्र को धारण किये रहेंगे। पहचान पत्र के बिना उन्हें परीक्षा स्थल पर प्रवेश नही दी जायेगी।
11. प्रत्येक घटना (Event) के बाद स्वचालित परिणाम निर्माण, व्यापक डेटा संकलन, छटाई और भर्ती बोर्ड को व्यापक एवं सुरक्षित रिपोटिंग करने का स्वघोषणा पत्र संलग्न करना होगा।

**वितीय शर्ते**

12. तकनिकी निविदा में सफल निविदादाता का ही वितीय निविदा खोला जाऐगा।
13. वितीय निविदा सभी दर कर सहित कुल राशि में अंकित करना होगा।
14. वितीय निविदा प्रत्येक उम्मीदवार की दर से सभी कर सहित देना होगा।

**सामान्य शर्ते**

15. एकरानामा में इस आशय का उल्लेख होगा कि कार्य में किसी प्रकार की कमी पाये जाने की स्थिति में भुगतान की जाने वाली राशि से अनुपातिक राशि की कटौती की जा सकेगी।
16. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय रद्द करने का अधिकार जिला पदाधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
17. निविदा खोलने के समय निविदा दाता स्वंय या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि सभी वांछित कागजातों /प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित रहेंगे।
18. गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन कार्य के लिए UHF RFID- Based शारीरिक दक्षता की जॉच परीक्षा दिनांक 01.04.2025 से आरंभ होगी।
19. परीक्षा के तय कार्यक्रम में परिवर्तन होने पर संबंधित फर्म को पूर्व में ही अवगत करा दी जायेगी।
20. शारीरिक दक्षता की जॉच परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षा स्थल (महराजा स्टेडियम बेतिया) पर सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस दिनांक 31.03.2025 के अपराहन् 05:00 बजे तक अधिष्ठापित कर उसका मॉक परीक्षण कर लिया जायेगा। इसके लिए अलग से भी आपको सुचित किया जायेगा।
21. निविदा के संबंध में विशेष जानकारी के लिए वेवसाईट– https://westchamparan.nic.in/ पर देखा जा सकता है।
22. किसी प्रकार के वाद विवाद की स्थिति में बेतिया जिला न्यायालय में ही वाद दायर किया जा सकेगा. जो मान्य होगा।
23. किसी प्रकार का अग्रिम देय नही होगा।
24. अपरिहार्य कारण से भुगतान में विलंब होने पर किसी भी प्रकार का सूद–राशि देय नही होगा।

जिला समादेष्टा
बिहार गृह रक्षा वाहिनी बेतिया

जिला पदाधिकारी
प० चम्पारण, बेतिया